# लखनऊ को स्टार्टअप का हब बनाएगा एक्सप्रेस-वे

लखनऊ। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने के बाद लखनऊ स्टार्टअप्स और नवाचार के एक नए युग में प्रवेश करने के लिए तैयार है। यह नया एक्सप्रेस-वे मार्ग लखनऊ को नवाचार और उद्यमिता के केंद्र (हब) के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र निर्माता संघ के महासचिव रितेश श्रीवास्तव ने रविवार को बैठक में बताया कि उत्तर प्रदेश में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण स्टार्टअप्स को नई गति मिल रही है। इस एक्सप्रेस-वे से कानपुर और लखनऊ के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा, जिससे स्टार्टअप्स के लिए बिजनेस मीटिंग्स, सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स का प्रबंधन अत्यंत सरल हो जाएगा।

**02** शैक्षिणिक संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ेगा

एक्सप्रेस-वे आईआईटी कानपुर और लखनऊ के शीर्ष शैक्षणिक तथा प्रबंधन संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा, जिससे डीप टेक, आईओटी स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा।